राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# 1.25 लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित

# राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के साथ समारोह में भाग लिया

सीकर/जयपुर, 27 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को सीकर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर उनका भावभरा स्वागत किया। इसके बाद, राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 1.25 लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम समाप्ति पर राज्यपाल ने हैलीपैड पर प्रधानमंत्री को भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी, प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री बी.डी. कल्ला, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादी लाल मीणा, सहकारिता मंत्री श्री उदयलाल आंजना एवं सांसद श्री सी.पी. जोशी उपस्थित रहे ।

————